यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

प्रेस विज्ञप्ति

समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2018 के वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया.

प्रमुख तथ्य

पीसीआर ↑ 57.16% (575 बीपीएस वार्षिक वृद्धि)	वैश्विक कारोबार ↑ 6.2% (वर्ष दर वर्ष)
सीआरएआर ↑ 11.50%	गैर ब्याज आय ↑ 70.1% (तिमाही दर तिमाही)
परिचालन लाभ ↑ 14.27%(तिमाही दर तिमाही)	आरडबल्यूए (RWA) ↓(1.7% वर्ष दर वर्ष)

कारोबार :

- वैश्विक कारोबार 31 मार्च, 2017 के ₹680076 करोड़ के सापेक्ष 6.2% की दर से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को ₹722362 करोड़ हो गया . घरेलू कारोबार 31 मार्च, 2017 के ₹644014 करोड़ के सापेक्ष 7.4% की दर से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को ₹691533 करोड़ हो गया.
- बैंक की कुल जमाराशियां 8.0% वृद्धि दर से 31 मार्च, 2017 को ₹378392 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को ₹408502 करोड़ हो गयी.
- कासा जमाराशियां 6.9% की वृद्धि दर से बढ़कर 31 मार्च, 2017 को ₹130308 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च, 2018 को ₹139241 करोड़ हो गयी.
- कुल जमाराशियों में कासा जमाराशियों का भाग 31 दिसम्बर, 2017 के 34.0% के सापेक्ष 31 मार्च, 2018 को 34.1% रहा.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में कुल 47 लाख कासा खाते खोले गए , इनमें से बीएसबीडीए/ बीएसबीडीएस खातों को छोडकर 45 लाख बचत खाते खोले गए हैं.
- बैंक के वैश्विक अग्रिम 4.0% की वृद्धि दर के साथ 31 मार्च, 2018 को ₹313860 करोड़ हो गया, जो 31 मार्च, 2017 को ₹301684 करोड़ था.
- घरेलू अग्रिम 31 मार्च, 2017 के ₹272238 करोड़ के सापेक्ष 5.9% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2018 को ₹288336 करोड़ हो गया.

मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही में वित्तीय कार्य निष्पादन :

- वैश्विक एनआईएम अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 के 2.23% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2018 में 1.90% हो गया. एक वर्ष पूर्व यह 2.27% था. घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 के 2.34% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2018 में 1.99% हो गया. एक वर्ष पूर्व यह 2.40% था.
- निधियों पर आय जनवरी-मार्च, 2017 के 7.35% एवं अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 के 6.67% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2018 में 6.43% हो गयी.
- निधियों की लागत जनवरी-मार्च, 2017 के 5.24% एवं अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 के 4.61% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2018 में घटकर 4.69% हो गयी.
- शुद्ध ब्याज आय जनवरी-मार्च, 2018 में ₹2193 करोड़ रुपये रही. पिछले वर्ष यह ₹2387 करोड़ थी.
- गैर ब्याज आय अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 के ₹873 करोड़ के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2018 में 70.1% की वृद्धि दर से बढ़कर ₹1485 करोड़ हो गई.
- परिचालन लाभ अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 के ₹1654 करोड़ के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2018 में ₹1890 करोड़ रुपये हो गया. यह जनवरी-मार्च, 2017 में ₹2134 करोड़ था.
- प्रति शेयर आय (वार्षिकीकृत) जनवरी-मार्च, 2018 में ₹-29.59 रही.
- जनवरी-मार्च, 2018 में शुद्ध हानि ₹2583 करोड़ रही. इसमें ₹1120 करोड़ निवेश मूल्यह्रास प्रावधान शामिल है.

मार्च 2018 में समाप्त वित्तीय वर्ष का वित्तीय कार्यनिष्पादन :

- वैश्विक एनआईएम वित्तीय वर्ष 2016-17 के 2.23% के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 में 2.07% रहा.

  घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्तीय वर्ष 2016-17 के 2.33% के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 में 2.17% हो गया.
- निधियों पर आय वित्तीय वर्ष 2016-17 के 7.60% के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 में 6.71% रही.
- निधियों की लागत वित्तीय वर्ष 2016-17 के 5.53% के सापेक्ष घटकर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 4.80% रही.
- शुद्ध ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹8903 करोड़ के सापेक्ष 4.52% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹9305 करोड़ हो गयी.
- गैर ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹4965 करोड़ के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹4990 करोड़ हो गयी.

- वित्तीय वर्ष 2017-18 में शुद्ध हानि ₹5247 करोड़ रही. इसमें ₹1560 करोड़ निवेश मूल्यह्रास प्रावधान और ₹7326 करोड़ का आरबीआई की सूची - 1 और 2 के अनुसार नेशनल कंपनी लॉं ट्रि ब्यूनल (एनसीएलटी) को संदर्भित 27 खातों के लिये प्रावधान भी शामिल है.
- आय लागत अनुपात वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 47.26% रहा.

आस्ति गुणवत्ता :

- स्लीपेज का स्तर वित्तीय वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में ₹10043 करोड़ रहा.
- सकल एनपीए 31 मार्च, 2017 के 11.17% तथा 31 दिसम्बर, 2017 के 13.03% के सापेक्ष 31 मार्च, 2018 को 15.73% रहा.
- शुद्ध एनपीए अनुपात 31 मार्च, 2017 के 6.57% तथा 31 दिसम्बर, 2017 के 6.96% के सापेक्ष 31 मार्च, 2018 को 8.42% रहा.
- प्रावधान कवरेज अनुपात 31 मार्च, 2017 के 51.41% के सापेक्ष 31 मार्च, 2018 को 57.16% रहा. 31 दिसम्बर, 2017 को यह 57.12% था.

पूँजी पर्याप्तता :

- बासल III के अंतर्गत बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 दिसम्बर, 2017 के 11.37% तथा न्यूनतम विनियामक अपेक्षा 10.875% के सापेक्ष 31 मार्च, 2018 को बढ़कर 11.50% रहा.
- 31 मार्च, 2018 को टियर I अनुपात 9.07% है, जिसमें 7.375% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा के सापेक्ष कॉमन इक्विटि टियर I 7.60% है.
- सकल अग्रिम के अनुपात में जोखिम-भारित आस्तियां मार्च 31, 2017 के 96.5% के सापेक्ष घटकर मार्च 31, 2018 को 91.2% हो गई. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान कुल आस्तियों के 7.7% वृद्धि के सापेक्ष आरडबल्यूए (RWA) में 1.7% की वार्षिक दर से गिरावट दर्ज की गई, जो जोखिम दक्षता अनुकूलन में बैंक के विशेष ध्यान को दर्शाता है.

डिजिटल पहल :

ग्राहक सेवा को बेहतर करने हेतु बैंक विभिन्न डिजिटल पहल करने तथा डिजिटल उत्पादों की निरंतर शुरुआ त करने में अग्रणी रहा है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक की कुछ प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार रहीं:

- लाइव स्ट्रीमिंग, डिजिटल एजुकेशन सीरीज़ - #KyaAapJanteHai जैसी विभिन्न पहल के माध्यम से सोशल मीडिया चैनलों पर ट्रेंडसेटर की भूमिका अदा की.
- यूनियन रिकवरी ऐप - एनपीए खातों के प्र भावी अनुश्रवण हेतु बैंक ने मोबाइल आधारित एक यूजर फ्रेंडली एप्लिकेशन “यूनियन रिकवरी ऐप” लॉंच किया है. इस ऐप को एनपीए खातों में प्रभावी अनुकरण और वसूली को बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया है.

- यूनियन सहयोग ऐप - बहु कार्यात्मक विशेषताओं के साथ , सभी मोबाइल तथा वेब आधारित भुगतान के लिए सिंगल इंटरफ़ेस एवं ग्राहकों को बैंक के विभिन्न उत्पादों की जानकारी हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राहक हितैषी यूनियन सहयोग एप्लिकेशन लॉंच किया गया.
- फिंगरप्रिंट के जरिये एटीएम लेनदेनों में बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन की शुरुआत.
- सोश्ल मीडिया एवं बैंक की वेबसाइट पर ग्राहकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देने के लिए यूनियन वर्चुअल एस्सिटेंट (यूवीए) एफ़एक्यू चैटबोट का आरंभ किया गया.
- सभी ग्राहकों के लिये औसत तिमाही शेष राशि को ध्यान में रखे बिना ही वीजा पेवेव डेबिट कार्ड की सुविधा जारी की गयी है.

वित्तीय समावेशन :

- प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत मार्च 31,2018 तक बैंक में 86.2 लाख से भी अधिक खाते खोले गये हैं, जिनमें ₹1930.6 करोड़ की राशि जमा है.
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत नामांकन संख्या बढ़कर क्रमश: 31 लाख, 13.2 लाख एवं 3.2 लाख हो गयी है.
- बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 में 185137 खातों में ₹4009 करोड़ का वित्त पोषण किया है, जिसमें हल्के व्यावसायिक वाहनों के वित्त पोषण हेतु विशेष योजना के जरिये 44529 लाभार्थियों को दी गयी ₹1103 करोड़ की राशि शामिल है.

नेटवर्क :

- 31 मार्च, 2018 के अंत में बैंक का शाखा नेटवर्क 4 विदेशी शाखाओं हांगकांग, डीआईएफ़सी (दुबई), एंटवर्प (बेल्जियम) तथा सिडनी (आस्ट्रेलिया) को मिलाकर 4301 रहा, इसके अतिरिक्त शंघाई, बिजिंग तथा अबू धाबी में बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय हैं. बैंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड' के माध्यम से इंग्लैंड में भी अपना कारोबार कर रहा है.
- 31 मार्च, 2018 को बैंक के 3115 टॉकिंग एटीएम और 5407 माइक्रो एटीएम सहित कुल एटीएमों की संख्या 13049 हो गयी. शाखा के सापेक्ष एटीएम का अनुपात 3.03 है.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान पुरस्कार एवं सम्मान:

<u>**आईडीआरबीटी बैंकिंग टेक्नालॉजी एक्सीलेन्स अवार्ड:**</u>

- वित्तीय वर्ष 2016-17 का श्रेष्ठ उभरता बैंक अवार्ड

<u>**गोल्डेन पीकॉक अवार्ड:**</u>

- वर्ष 2017 के लिए एचआर एक्सीलेन्स हेतु गोल्डेन पीकॉक अवार्ड

<u>**आईबीए बैंकिंग टेक्नालजी अवार्ड**</u>

- विजेता - श्रेष्ठ वित्तीय समावेश पहल
- उप विजेता - श्रेष्ठ भुगतान पहल

स्कॉच अवार्डस:

स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड

- ऑपरेशनल कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (ओसीआरएम)
- कारोबार निरंतरता आयोजना एवं आईटी रिकवरी
- आपदा प्रबंधन एवं आपदा रिकवरी
- डाटा सेंटर सेक्युरिटी
- नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएसी)
- यूनियन मोबाइल एनपीए रिकवरी ऐप

स्कॉच फ़ाइनैन्शियल टेक्नालजी अवार्ड:

- यूनिफाइड़ पेमेंट इंटरफ़ेस (यूपीआई)
- डेबिट कार्ड के लिए ग्रीन पिन सोल्यूशंस
- यूनियन डीजी गाँव

स्कॉच फ़ाइनैन्शियल इंक्लूसन अवार्ड

- वित्तीय समावेशन हेतु

पीएफ़आरडीए अवार्डस:

- द्वितीय पुरस्कार -"एनपीएस लाओ अच्छे दिन पाओ" (सर्वाधिक PoP-SPs लक्ष्य प्राप्त करने हेतु)
- द्वितीय पुरस्कार - "लाइफ ग्लोरी" (सर्वाधिक एनपीएस खाते खोलने हेतु)
- द्वितीय पुरस्कार - "लाइफ ग्लोरी" (सर्वाधिक नए PoP-SPs सक्रिय करने का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु)
- तृतीय पुरस्कार - "एनपीएस लाओ अच्छे दिन पाओ " (PoP-SPs प्रतिस्पर्धीयों में सर्वाधिक प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु)
- तृतीय पुरस्कार- "लिव ऑन एनपीएस लाइफ" (सर्वाधिक एनपीएस खाते खोलने हेतु)

इंफ़ोसिस द्वारा अवार्ड:

- यूनियन कस्टमर सर्विस कनैक्ट (ओसीआरएम) के लिए बेस्ट कस्टमर सर्विस इनौवेशन अवार्ड

---------------------------------------X--

दिनांक: 10 मई, 2018

स्थान : मुंबई